SATYAKAM JANKALYAN SAMITI
Distt. Chhindwara (M.P.)
S.J.K.S.

# सत्यकाम जनकल्याण समिति, छिन्दवाड़ा, (म.प्र.)



## सबके साथ, सबका विकास, सबका अधिकार

**<u>संस्था का परिचय</u>**

सत्यकाम जनकल्याण समिति समुदाय आधारित गैर सरकारी संगठन है, जो वर्ष 2006 से समाज के वंचित समुदाय - दलित, आदिवासी, मुस्लिम एवं निर्धन वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक विकास और उनके अधिकारों व हकदारियों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, समानता, आजीविका, मूलभूत अधिकारों एवं सेवाओं आदि मुद्दों पर कार्य कर रही है। संस्था का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण भारत है ।

**<u>संस्था का विजन</u>**

- समाज में एकता व समानता को सुनिश्चित करते हुए भेदभाव रहित व शोषण मुक्त समाज के निर्माण के लिए सभी वर्गो दलित, आदिवासी, मुस्लिम एवं निर्धनों विशेष कर महिलाओं एवं बच्चों को प्रेम व सम्मान के साथ प्रगति एवं विकास के समान अवसर प्राप्त हो ।

**<u>संस्था का मिशन</u>**

दलित आदिवासी एवं वंचित समुदाय के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक विकास के लिए उनकी आजीविका, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं लैंगिक समानता से सम्बंधित अधिकारों एवं हकों के लिए कार्य करना ।

**<u>उद्देश्य</u>**

- समाज के दबे पिछड़े वर्ग- दलित, आदिवासी, मुस्लिम एवं निर्धनों के हितों एवं सर्वांगीण विकास के लिए कल्याणकारी कार्य करना ।
- दलित-आदिवासी एवं वंचित समुदाय को शासन से मिलने वाली सेवाएँ एवं सुविधायें बिना भेदभाव के मिले, इसके लिए कार्य करना ।
- वंचित वर्ग विशेषकर महिला एवं बच्चों के अधिकारों एवं हकों के लिए कार्य करना A
- समुदाय को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाना ।
- समाज में रूढ़िवादिता एवं अंधविश्वास के विरुद्ध जाग्रति पैदा करना ।

**<u>संस्था द्वारा किये गये कार्य</u>**

- PACS – Poorest Area Civil Society (PACS) एवं स्वाधिकार नेटवर्क दिल्ली के सहयोग से छिन्दवाड़ा जिले के अमरवाड़ा एवं मोहखेड़ ब्लाक में परियोजना में चयनित 60 ग्रामों में NRHM गाइड लाइन के अंतर्गत वंचित समुदाय के स्वास्थ्य अधिकारों एवं हकदारियों को लेकर कार्य किया जा रहा है,जिससे दलित आदिवासी शासन द्वारा मिलने वाली सेवाओं व सुविधाओं तक अपनी पहुँच बना सके ।





- MHRC – मातृत्व स्वास्थ्य हकदारी अभियान के अंतर्गत मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए आंगनवाडी कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ छिन्दवाड़ा जिले के 60 ग्रामों में NRHM के  फ्रेमवर्क में कार्य किया जा रहा है ।

- CHSJ – Center For Health and Social Justice (CHSJ) के साथ मिलकर लैंगिक समानता, महिलाओं के अधिकारों  एवं घरेलू हिंसा के मुद्दों पर कार्य किया जा रहा है ।




- MAE – Men's Action for Equity के सहयोग से 'जिम्मेदार पितृत्व अभियान' के माध्यम से पुरुषों की सोच व व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाकर समानता आधारित ,भेदभाव रहित तथा हिंसा मुक्त परिवार व समाज की स्थापना हेतु कार्य किया जा रहा है । संस्था द्वारा 'जिम्मेदार पितृत्व अभियान' के माध्यम से ब्लाक अमरवाड़ा एवं मोहखेड़ के चयनित ४० ग्रामों में 'मेन्स एक्शन फॉर इक्विटी' के द्वारा बाल अधिकारों के संरक्षण में पुरुषों की जिम्मेदार पिता के रूप में भूमिका पर राष्ट्रीय अभियान चलाया गया था, जिसमें छिन्दवाड़ा जिले के आदिवासी और दुर्गम क्षेत्रों में अभियान के दौरान समाज में लैंगिक समानता तथा लड़का-लड़की में समानता व समाज में महिलाओं का स्थान बन सके ।



- AIDMAM – All India Dalit Mahila Adhikar Manch (AIDMAM) के सहयोग से दलित महिलाओं के अधिकारों को लेकर कार्य किया जा रहे है । AIDMAMके सहयोग से छिन्दवाड़ा जिले के अमरवाड़ा एवं मोहखेड़ ब्लाक के दलित आदिवासी क्षेत्रों में महिलाओं के अधिकारों को लेकर कार्य किया गया । जिसमें दलित आदिवासी महिला के साथ दबंगों द्वारा हुए शोषण, अत्याचार, हिंसा आदि मुद्दों पर कार्य कर उनके अधिकारों और हक़ के लिए बड़े स्तर तक जन सुनवाई व पैरोकारी के माध्यम से सहयोग किया गया ।



- HRLN – Human Rights Law Network (HRLN) के साथ मिलकर दलितों के अधिकारों के मुद्दे पर कार्य किया जा रहा है इसके अंतर्गत नसबंदी फेल के केसों में पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के लिए जबलपुर हाई कोर्ट में पी.आई.एल दर्ज करवाई गयी है । Human Rights Law Network (HRLN) के सहयोग से तामिया व मोहखेड़ ब्लॉक के 100 आदिवासी किशोर बालिका व बालको को

स्वास्थ्य, लैंगिकता, लिंग समानता व शिक्षा विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।



- Samarthan – समर्थन संस्थान, भोपाल के सहयोग से छिन्दवाड़ा के मोहखेड़ ब्लाक में दलितों एवं आदिवासियों की मनरेगा के अंतर्गत रोजगार के अवसरों तक पहुँच बनाने एवं समय पर मजदूरी भुगतान हेतु कार्य किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत पंचायत स्तर पर रोजगार सहायक व पंचायत सदस्यों के साथ मिलकर रोजगार दिवस कायोजन किया जा रहा है, जिसमें मनरेगा के अंतर्गत किया जा रहे कार्यों, काम की मांग हेतु का आवेदन तथा बेरोजगारी भत्ते आदि के बारे में मजदूरों को जानकारी दी जा रही है ।

- DA3 – दलित आर्थिक अधिकार आन्दोलन (DA3) के माध्यम से SP/TSP के अंतर्गत आने वाले बजट की ट्रैकिंग की जाती है एवं RTI का उपयोग कर दलितों के आर्थिकं अधिकारों के लिए कार्य किया जा रहा है । दलित आर्थिक अधिकार आन्दोलन के माध्यम से SP/TSP के अंतर्गत आने वाले बजट की ट्रैकिंग एवं RTI का उपयोग कर दलित आदिवासी के आर्थिक अधिकारों के लिए कार्य किया गया , जिसमे शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को वंचित समुदाय तक पहुँचाने के लिए कार्य किया गया ।






- PAIRVI- पैरवी संस्थान, नई दिल्ली के साथ मिलकर छिन्दवाड़ा जिले के तामिया ब्लॉक के पातालकोट के 12 ग्रामों में आदिमजाति भारिया समुदाय पर अध्ययन किया गया । इस अध्ययन का उद्देश्य भारिया समुदाय के सामाजिक, आर्थिक, सांकृतिक व शैक्षणिक जीवन स्तर को समझना, शासन द्वारा चलायी जा रही योजना तक उनकी पहुँच, भारिया समुदाय के खान पान, कृषि के तरीको व मौसम व जलवायु में बदलाव का उनके जीवन पर असर आदि विषयों पर जानकारी एकत्रित करना था ।

## संस्था का पता

रजिस्टर्ड कार्यालय
सत्यकाम जनकल्याण समिति
राजा टेंट हाउस, बड़ा इमामबाड़ा
छिन्दवाड़ा, (म.प्र.)
480001

Email id- sjks786@gmail.com

वर्तमान पता
सत्यकाम जनकल्याण समिति
ईशा नगर, जय गुरुदेव इंटरनेशनल स्कूल के पास,
परासिया रोड, छिन्दवाड़ा (म.प्र.)
480001

Website- www.sjksmpindia.org

## संपर्क व्यक्ति

अशोक मंदरे
अध्यक्ष
मोबाइल नंबर - 08959492244, 08989595965
Email id- ashokmandre007@gmail.com

शबाना आज़मी
सचिव
मोबाइल नंबर- 09303576391, 09977211251
Emailid- shabanaazami1982@gmail.com

